प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–16.06.2023 (312)

वर्ष 2023 में माह मई में बिहार पुलिस के मद्यनिषेध प्रभाग द्वारा चलाए गए विशेष छापामारी अभियान में अर्जित सफलताएँ

राज्य में मद्यनिषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम 2018 की सफलता तथा पूर्णतः मद्यनिषेध लागू किये जाने हेतु बिहार पुलिस के मद्यनिषेध प्रभाग द्वारा निरन्तर चलाए जा रहे अभियान में माह मई में अंकित की गई प्राथमिकियों, बरामद/जप्त शराब, गिरफ्तारी तथा शराब तस्करी में प्रयुक्त जप्त किए गए वाहनों का विवरण निम्नलिखित है:–

मद्यनिषेध प्रभाग के द्वारा की गई गिरफ्तारी/बरामदगी

कार्रवाई	मई 2023
कुल छापामारी	87
अंकित की गई प्राथमिकी की संख्या	33
कुल गिरफ्तारी	44
जप्त/बरामद शराब (मात्रा लीटर में)	1,19,162
ट्रक/कन्टेनर	23
चार पहियाएवं अन्य वाहन	26
मोटरसाइकिल	09
नकद	1,17,700 रुपये

वर्ष 2023 के माह मई में मद्यनिषेध इकाई द्वारा जिलावार बरामद ट्रक की विवरणी

क्र0सं0	जिला का नाम	शराब की मात्रा (लीटर में)	ट्रक/कन्टेनर
1	औरंगाबाद	17,103	3
2	गया	14,005	3
3	जहानाबाद	14,281	3
4	पटना	16,756	3
7	वैशाली	18,406	3
6	अरवल	10,668	2
7	मधुबनी	4,334	2
8	सीतामढ़ी	3,654	2
9	पश्चिम चम्पारण	3,551	1
10	मुजफ्फरपुर	2,590	1
कुल		1,05,348	23

गत दिनों में मद्यनिषेध इकाई के द्वारा अर्जित कतिपय महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ:–

1. दिनांक 01.05.2023 को **पटना जिला** के नौबतपुर थाना क्षेत्र में छापामारी कर **एक ट्रक सहित 6669 लीटर विदेशी शराब** बरामद एवं जप्त किया गया। **02 व्यक्तियों को गिरफ्तार** किया गया।
2. दिनांक 17.05.2023 को **पटना जिला** के अगमकुआँ थाना क्षेत्र में छापामारी कर **एक ट्रक सहित 6590 लीटर विदेशी शराब** बरामद एवं जप्त किया गया। **03 व्यक्तियों को गिरफ्तार** किया गया।
3. दिनांक 18.05.2023 को **औरंगाबाद जिला** के दाउदनगर थाना क्षेत्र में छापामारी कर **01 ट्रक सहित 6526 लीटर विदेशी शराब** बरामद एवं जप्त किया गया। **01 व्यक्ति को गिरफ्तार** किया गया।
4. दिनांक 18.05.2023 को **अरवल जिला** के नगर थाना क्षेत्र में छापामारी कर **01 ट्रक सहित 6069 लीटर विदेशी शराब** बरामद एवं जप्त किया गया। **01 व्यक्ति को गिरफ्तार** किया गया।
5. दिनांक 21.05.2023 को **औरंगाबाद जिला** के दाउदनगर थाना क्षेत्र में छापामारी कर **01 ट्रक सहित 6139 लीटर विदेशी शराब** बरामद एवं जप्त किया गया। **01 व्यक्ति को गिरफ्तार** किया गया।
6. दिनांक 22.05.2023 को **जहानाबाद जिला** के टेहटा ओ0पी0 क्षेत्र में छापामारी कर **03 ट्रक सहित 14281 लीटर विदेशी** शराब बरामद एवं जप्त किया गया। **04 व्यक्तियों को गिरफ्तार** किया गया।
7. दिनांक 27.05.2023 को **वैशाली जिला** के भगवानपुर थाना क्षेत्र में छापामारी कर **01 ट्रक सहित 7480 लीटर विदेशी शराब** बरामद एवं जप्त किया गया।
8. दिनांक 27.05.2023 को **वैशाली जिला** के भगवानपुर थाना क्षेत्र में छापामारी कर **एक ट्रक सहित 6200 लीटर विदेशी शराब** बरामद एवं जप्त किया गया। **01 व्यक्ति को गिरफ्तार** किया गया।

मद्यनिषेध अभियान के विरुद्ध निरन्तर कार्रवाई जारी है।

"अपील"

बिहार पुलिस मुख्यालय की ओर से सर्व साधारण से अपील की जा रही है कि यदि शराब बनाने, बिक्री किये जाने, तस्करी किये जाने अथवा उपयोग किये जाने सम्बन्धित कोई भी सूचना हो तो मद्यनिषेध इकाई के टॉल फ्री नम्बर–**15545** अथवा **18003456268** पर सूचना अवश्य दें। सूचनादाता का नाम गोपनीय रखा जायेगा। सूचना देकर राज्य को नशा मुक्त बनाने में अपना बहुमूल्य सहयोग करें।